प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

14.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

## अंतिम चरण नामांकन

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। कल 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 17 मई तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

## नामांकन

प्रदेश में चार संसदीय चुनाव और 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पहली जून को होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस बीच मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। वहीं विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी और बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद डटवालिया भी अपना–अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है और पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में सूचना व प्रसारण एवं युवा सेवाएं व खेल मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज कांगड़ा और ऊना में विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर विधानसभा

क्षेत्रों धर्मशाला, गगरेट और हरोली मंडल के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कार्यक्रमों के तहत अपने पक्ष में जन समर्थन मांगेंगे।

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज धर्मशाला में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी और बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद डटवालिया के नामांकन पत्र दाखिल करने में शामिल होंगे और चुनावी जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का आज दिल्ली जाने का भी कार्यक्रम है।

मुकेश अग्निहोत्री

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री आज से रायबरेली व अमेठी में प्रचार की कमान संभालेंगे। इस दौरान वह कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के पक्ष में राय बरेली संसदीय क्षेत्र में प्रचार अभियान को गति देते हुए कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, हिमाचल प्रदेश से संबधित अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के एल शर्मा के पक्ष में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल सोलन में नुक्कड़–नाटक व गीत–संगीत के माध्यम से लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला में (स्वीप) के अंतर्गत अनेक पहल की गई हैं जिनमें यह अभियान भी शामिल है। राजकीय कन्या एवं छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के छात्र–छात्राओं ने इस जागरूकता अभियान में अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। वहीं उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चम्बा मुकेश रेपसवाल ने स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं से मतदान करने का विशेष आग्रह किया। हमीरपुर के विकास खंड भोरंज में भी महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरुकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप के तहत महिलाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया तथा उन्हें आगामी एक जून को शत–प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस बीच कुल्लू में भी मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र के राष्ट्रीय पर्व 1 जून को मताधिकार का प्रयोग करें।

साइकलिंग रैली

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उददेश्य से आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से ताशीगंग तक राज्य आइकॉन जसप्रीत पॉल की अगुवाई में साइकिल रैली निकाली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने सी बी एस ई द्वारा घोषित किए परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं **सी बी एस ई 10वीं और 12वीं के परिणाम में पंचकूला जोन में हिमाचल अव्वल।** **पंजाब केसरी** का शीर्षक है **12वीं में 87 दशमलव 98 प्रतिशत, 10वीं में 93 दशमलव 60 प्रतिशत हुए पास, लड़कियों ने फिर बाजी मारी। हिमाचल दस्तक का कहना है हिमाचल प्रदेश में सी बी एस ई के रिजल्ट में भी बेटियां आगे। दैनिक जागरण ने लिखा है सी बी एस ई की 12वीं कक्षा में हिमाचल के 94 दशमलव 53 विद्यार्थी पास।**

हाईकोर्ट के फैसले को **पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है नकली दवा के मामले व्यथित करने वाले कड़ी सजा का प्रावधान हो। दैनिक भास्कर ने लिखा है घटिया दवा निर्माताओं, लैब के खिलाफ सजा का प्रावधान करें सरकार। दिव्य की सुर्खी है हिमाचल में घटिया दवाओं के उत्पादन पर हाईकोर्ट चिंतित।**

**हिमाचल में मौसम साफ रहने से पारा 4 डिग्री बढ़ा, 17 मई से बारिश के आसार दैनिक भास्कर** की एक खबर है। **आपका फैसला के शब्द हैं चटक धूप खिलने से मैदानों के साथ पहाड़ भी तपने लगे।**

**दैनिक सवेरा टाइम्स** ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है **मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार की देन। दिव्य हिमाचल** ने बकौल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खबर को शीर्षक दिया है **मेरी फिल्म साढ़े तीन साल और चलेगी, फिर पार्ट टू भी आएगा।**

**हिमाचल दस्तक के अनुसार हमीरपुर से अनुराग, शिमला से सुरेश व सुल्तान पुरी ने दाखिल किया नामांकन। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **अनुराग, सुल्तानपुरी व कश्यप ने किया नामांकन।**